# पलामू में शान से लहराया तिरंगा

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दुरुस्त किये बिना राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान नहीं की जा सकती : किशोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 76वें गणतंत्र दिवस पर प्रमंडलीय मुख्यालय के मुख्य समारोह स्थल स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एंव विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके बाद मंत्री ने डीसी व एसपी के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कि पलामू के साथ संपूर्ण राज्य और देश इस राष्ट्रीय पर्व को हर्ष के साथ मना रहा है।आज 26 जनवरी 1929 को लाहौर के रवि नदी के तट पर पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन में तय हुआ था कि 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज दिवस मनाया जायेगा। इस दिन को कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज पारित किया था। इसलिए वर्ष 1950 को 26 जनवरी का हमारा संविधान देश ने आत्मसात किया। 76वां गणतंत्र दिवस पर राजा मेदिनीराय को भी याद करना चाहते हैं, जिन्होंने अपने नीतियों का विस्तार गया,हजारीबाग और सरगुजा तक किया। पलामू का हर एक घर,परिवार सुखी समृद्धशाली हो ऐसी सोच रखने वाले राजा मेदिनीराय को हम नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सभा के सदस्य रहे एवं अंग्रेजों के विरुद्ध स्वाधीनता की लड़ाई लड़ने वाले यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू और अमियो कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू पलामू के थे, यह हमें गर्व की अनुभूति कराता है। इसी तरह उन्होंने पलामू कर अन्य विभूतियों स्वर्गीय पुरनचंद और स्वर्गीय जीतू राम को भी याद किया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बीरेन्द्र कुमार ठाकुर हुए सम्मानित



**मेदिनीनगर।** पलामू के डीसी कार्यालय में ग्रेड-1 स्टेनोग्राफर और ओबीसी कर्मचारी पदाधिकारी महासंघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार ठाकुर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू के आयुक्त, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, और पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।








































# पेट्रोल पंप का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

● बालूमाथ-लातेहार मार्ग पर पेट्रोल पंप का कमी देखी जा रही थी, जो आज पूरा हो गया है

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चेताग ग्राम के पास बालूमाथ बालू मार्ग पर जिप उपाध्यक्ष अनिता सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं नारियल तोड़कर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष अनीता सिंह ने कहा कि बालूमाथ-लातेहार मार्ग पर पेट्रोल पंप का कमी देखी जा रही थी, जो आज पूरा हो गया है। लोगों को काफी सुविधा होगी। पंप संचालक प्रेम प्रसाद गुप्ता उर्फ नेताजी एवं भारत पेट्रोलियम कंपनी से पदाधिकारी दिलीप कुमार ने अच्छी गुणवत्ता की तेल देने की बात कही । मौके पर जिप उपाध्यक्ष अनीता सिंह के अलावा पूर्व मुखिया सह वरिष्ठ समाज सेवी रामजतन साहू,सरपंच ममता देवी, मुखिया नरेश लोहरा,नरेश उरांव, समाज सेवी प्रकाश तिवारी, दिलीप कुमार साहू (चतरा), हाजी मोतिउर रहमान,सुरेश सिंह,तिलक साव, कृष्णा यादव ,मनोहर साव, उपेंद्र यादव,अरविंद यादव, मो. मुजम्मिल, श्याम सुंदर यादव, अर्जुन साव, दिवाकर प्रसाद, अरुण साव,अशोक साव,मो जुबेर , चंचल प्रेम, अमन प्रेम सहित अन्य मौजूद थे।



























































































